आये है हम साईं बाबा तेरे दरबार मे

हे साईं नाथ तेरे मन्दिर में आये है हम फ़रिआदी |
दर्शन दे अपने भक्तो को, साईं तोड़ दे आज समाधी साईं ||

दिल नहीं लगता कहीं हमारा अब तो इस संसार मे |
आये है हम साईं बाबा तेरे ही दरबार मे ||

जब से तेरा रहम हुआ है, सवर गया है जीवन |
जी करता है करदे अर्पण, तुझ को अपना तन मन |
करें बस तेरी भक्ति, लगा के पूरी शक्ति ||
डूबा रहे मन हर पल हर दिन अब तेरे ही प्यार मे |
आये है हम साईं बाबा तेरे ही दरबार मे ||

हम को अपनी नज़रों से तू कभी ना गिरने देना |
हम पर हैं जो नज़रे तेरी उन्हें ना फिरने देना |
रहें हम तेरी नजर मे हमेशा तेरी नज़र मे ||
जीवन का हर लम्हा गुजरे बस तेरे ही द्वार मे |
आये है हम साईं बाबा तेरे ही दरबार मे ||

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/111/title/aaye-hai-saai-baaba-tere-hi-darbaar-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |